प्रेस विज्ञप्ति

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
दिनांक 01—01—2015

# श्री अरूण कुमार गुप्ता द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का पदभार ग्रहण

आज दिनांक 01—01—2015 को श्री अरूण कुमार गुप्ता द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का पदभार ग्रहण कर लिया गया है । कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आम जनता को राहत देना है । आम जनता को राहत देने में कानून का पालन करना सबके लिये सर्वोपरि है । श्री गुप्ता ने कहा कि पुलिस निर्भीक होकर कार्य करे, पुलिस की समस्याओं को दूर करना उनकी जिम्मेदारी है ।

श्री अरूण कुमार गुप्ता का जन्म 13—01—1955 को हुआ। आप दिल्ली के निवासी है। आप एम0एस0सी0 कर वर्ष 1977 बैच में भारतीय पुलिस सेवा में आये । एसवीपी एनपीए हैदराबाद व पीटीसी—प्रथम मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षणाधीन बरेली एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर, पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना, लखनऊ, पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर, अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल, पुलिस अधीक्षक नगर कानपुर, पुलिस अधीक्षक बांदा, पुलिस अधीक्षक, सीबीसीआईडी लखनऊ, पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे।

आप दिनांक 31—12—1993 को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ, पुलिस उपमहानिरीक्षक विशेष अपराध, पुलिस उपमहानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय, पुलिस उपमहानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय के पदों पर नियुक्त रहे ।

दिनांक 20—10—2000 को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक सिविल डिफेंस लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक फायर सर्विस, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्य जोन, पुलिस महानिरीक्षक एसटीएफ, पुलिस महानिरीक्षक, वाराणसी जोन, पुलिस महानिरीक्षक/संयुक्त निदेशक, सिविल डिफेंस, पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन के पदों पर नियुक्त रहे ।

दिनांक 17—11—2006 को अपर पुलिस महानिदेशक के पद प्रोन्नत होकर अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात, अपर पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस के पदों पर नियुक्त रहे। दिनांक 14—01—2011 को विशेष महानिदेशक पुलिस के पद पर प्रोन्नत हुए।

फायर सर्विस में ही दिनांक 01—10—2011 को पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पीएसी मुख्यालय, भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, पुलिस महानिदेशक/अध्यक्ष, पुलिस आवास निगम एवं पुलिस महानिदेशक/अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर कार्यरत रहे ।